सार-समाचार

आदर्श विद्या मंदिर ने फिर लहराया परचम

ब्यावर (निसं)आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय और आदर्श विद्या मंदिर बालिका माध्यमिक विद्यालय ब्यावर का परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक ब्यावर का कक्षा अष्टमी का परीक्षा परिणाम संपूर्ण ब्यावर जिले में अव्वल रहा ।प्रधानाचार्य नवीन कुमार सैनी ने अपने संबोधन बताया कि विद्यालय की परंपरा निरंतर प्रगति की और अठासर है ।विद्यालय के अधिकतर भैया/ बहनों ने कक्षा- 8 में ए ठोड प्राप्त कर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है।कुल- 135 भैया/ बहिन कक्षा- 8 की बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट हुए और विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।48 विद्यार्थियों ने सभी विषय में ए ठोड प्राप्त कर विद्यालय की गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाया है साथ ही अपने अभिभावकों एवं ब्यावर जिले का मान बढ़ाया है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासन तथा उत्कृष्ट शिक्षण व्यवस्था को दिया है। इस अवसर पर हेमेंद्र दगदी(सचिव,विद्यालय प्रबंध समिति) राजेश मोयल, नवीन कुमार सैनी, कविता शर्मा ने श्रेष्ठ अंक स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया/ बहनों को माला पहनकर मुंह मीठा करवा कर स्वागत किया और सभी भैया /बहिन को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।इस अवसर पर विनोद जांगिड़, संजय सांगेला ,रेखा टांक ,ममता शर्मा,राधाकिशनमिश्रा, अर्जुन सिंह ,तमन्ना सेन, मंजू रावत,कांता चौहान, रिकां चौहान, संजू गहलोत शैतान सिंह,मंजू भदोरिया तथा बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

नेहरू की पुण्य तिथि मनाई

ब्यावर (निसं) ब्लॉक कांठोस कमेटी द्वारा नेहरू गार्डन नगर परिषद में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व श्री जवाहर लाल नेहरू जी की 60वीं पुण्यतिथि मनाई गई। पार्टी प्रवक्ता राजेन्द्र तुनगरिया ने बताया की नेहरू जी की प्रतिमा पर ब्लॉक कांठोस कमेटी के अध्यक्ष अशोक रांका ने माला पहनाकर नमन किया और चाचा नेहरू अमर रहे के नारे लगाते हुए याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर कांठोस विधानसभा प्रत्याक्षी मनोज चौहान,प्रदेश नेत्री कल्पना भटनागर,सेवादल ब्यावर अध्यक्ष अरविंद माथुर ने चाचा नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया कार्यक्रम में नि0 पार्षद राजेश शर्मा,राजेन्द्र तुनगरिया,घनश्याम फुलवारी,अजय स्वामी,भरत बंदीवाल,बाबूलाल पंवार,नारायण मेहडा,हनुमान चौधरी,श्याम सुंदर शर्मा,शैलेश शर्मा, जिलाध्यक्ष राम यादव,ब्यावर अध्यक्ष मुकेश लखन,अध्यक्ष राजेश जादम,बालूराम सेन,रामलाल लखन,रामस्वरूप डागर,अशोक मूंदड़ा,धर्मेंद्र बारिया,मदन मोहन त्रिपाठी,अनिल प्रजापत,हिमांशु शर्मा,नाथूलाल छत्रावत,गोरधन सांखला,विनीत शर्मा,जगदीश प्रसाद शर्मा,सुरेंद्र सेन,चेतन भट्ट,चंद्रप्रकाश साहू,रामनिवास गहलोत,जितेंद्र नाथ,मोहन काठात,घनश्याम बारोलिया,सोनू चौहान,कमलेश बोहरा,बृजराज डुलग़च,नारायण अटवाल,मनोज खूबचंदानी,सुरेश साहू,भरत भाटी आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह 7 जून को

अजमेर, (ब्यूरो): स्वामी हिरदाराम के प्रेरणा से सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट, शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वाधान 20 वर्षों से आयोजित 37वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में राजस्थान बोर्ड और सीबीएसई परीक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। संयोजक कंवल प्रकाश ने बताया कि 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को 7 जून को रसोई बैक्वेट हॉल स्वामी कॉम्प्लेक्स अजमेर पर आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थियों में टॉप टेन आने वाले छात्र-छात्राओं को अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, ज्ञाववर्धक पुस्तकें व 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया जाएगा। हरी चंदनानी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों ने 12वीं सीबीएसई व राजस्थान बोर्ड में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए है वे सर्व समाज वर्ग के विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की फोटो कॉपी के साथ सादे कागज पर हिन्दी में अपना नाम, पता, स्कूल का नाम और मोबाईल नम्बर लिखकर स्वामी कॉम्पलेक्स की तीसरी मंजिल रसोई रेस्टोरेंट के काउण्टर पर 4 जून से पूर्व तक जमा करा सकते है।

6 मंडल अध्यक्षों की घोषणा

ब्यावर (निसं) अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संगठन को विस्तार देने ओर मजबूत बनाने के लिए निर्णय लेते हुए कुल 11 मंडलों के लिए नए मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए गए। नियुक्त मंडल अध्यक्षों में ज्योतिबा फुले मंडल - राम यादव, श्री बालाजी मंडल - हिमांशु शर्मा, शहीद भगत सिंह मंडल-पृथ्वीराज गहलोत, बाबा रामदेव मंडल-महेन्द्र सामरिया, श्री परशुराम मंडल, चन्द्रशेखर शर्मा, रूपनगर सिकन्द्रा, गणेशपुरा हरिराम मेघवाल,भालिया टिकेन्द्र सिंह रावत, राजियावास दिनेश सिंह रावत, जवाजा पूरनमल शर्मा, देलवाड़ा हुसैन मोहम्मद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक रांका व अन्य पदाधिकारियों ने नवनियुक्त कांग्रेस पार्टी के संगठनों पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिलाध्यक्ष पर राम यादव, ब्यावर शहर ब्लॉक अध्यक्ष पर एडवोकेट मुकेश लखन एवं कामगार कर्मचारी कांठोस के ब्यावर अध्यक्ष पर राजेश जादम की नियुक्ति पर उनको माला पहनकर स्वागत कर उन्हें बधाई दी इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने इस पर हर्ष जताया है।

समझाइश के बाद समस्या का हुआ समाधान

आसीन्द । आसींद कस्बे के ब्राह्मणों के मोहल्ले में पिछले काफी समय से गंदे पानी की निकासी नहीं होने से परेशान वार्डवासियों का गुस्सा आज फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने नगरपालिका पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और पालिका कार्यालय पर तालाबंदी कर अपना विरोध प्रदर्शन जताया। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही आसींद थानाधिकारी हंसपाल सिंह मौके पर पहुंचे और वार्डवासियों को समझाने का प्रयास किया। हालांकि, कस्बेवासी गंदे पानी की निकासी की अपनी मांग पर अड़े रहे और किसी भी तरह की समझाइश मानने को तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि कई बार शिकायत करने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पालिका अध्यक्ष ने सुनी समस्या, खुलवाया नाला लगभग एक घंटे तक चले हंगामे और नारेबाजी के बाद नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित वार्डवासियों से बातचीत की और उनकी समस्या को गंभीरता से सुना। वार्डवासियों ने उन्हें बताया कि गंदे पानी के जमाव से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोगों की परेशानियों को समझते हुए पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके हस्तक्षेप के बाद मौके पर ही नाला खुलवाया गया, जिससे गंदे पानी की निकासी शुरू हो सकी। इसके साथ ही, पालिका कार्यालय पर लगाई गई तालाबंदी भी खुलवाई गई। समस्या के समाधान के बाद वार्डवासियों ने राहत की सांस ली।

समर कैम्प का समापन

ब्यावर (निसं) दयानगर स्थित ब्रह्माकुमारीज सेवाकेन्द्र द्वारा ग्रीष्म कालीन छुट्टियों में 10 से 14 वर्ष के बच्चों के के लिए नि:शुल्क साप्ताहिक समर कैम्प का समापन समारोह मनाया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय, बिजयनगर के प्राचार्य डॉ नरेश जी वैष्णव थे ।कार्यक्रम की शुरुआत परमात्मा को याद करके की गई । ओम ध्वनि के अभ्यास के साथ बच्चों को प्राणायाम सिखाए गए एवं संगीत पर व्यायाम करवाया गया ,बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति दी । बच्चों ने अपने अनुभव भी सांझा किए । चेरिका कुमारी ने बताया कि उन्होंने पिछले 7 दिनों से मोबाइल को बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया । शीतल कुमारी ने बताया कि खाना खाते वक्त उन्होंने मोबाइल एवं टी वी देखना बंद कर दिया है । आरोही ने बताया कि उन्होंने मैडिटेशन सीख लिया है जिससे उन्हें सुखद अनुभव हो रहे है । ज्ञानवी ने कविता के माध्यम से अपने अनुभव बताए । मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ नरेश ने बताया कि बच्चों के अनुभव बताते है कि समर कैम्प का सफलतम संचालन किया है इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी । और बच्चों को शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया ।सेवाकेंद्र संचालिका बी के रेणु दीदी द्वारा बच्चों को सभी सीखी हुई गतिविधियों को आगे भी करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में बच्चों के माता पिता को भी मैडिटेशन सीखने के लिए प्रेरित किया और बच्चों के लिए प्रत्येक रविवार को प्रात 8 बजे एक विशेष सत्र के आयोजन की घोषणा की,उन्होंने मेडिटेशन की गहन अनुभूति करवाई ।

विज्ञान नगर में सीवर और गैस लाइन के काम ने बिगाड़े हालात

- खुदी सडक़ों से बढ़ा हादसों का खतरा
- कछुआ चाल से चल रहे कार्य से जनता बेहाल
- निगम प्रशासन बना मूक दर्शक

अजमेर । विज्ञान नगर की गली नंबर एक और दो के निवासी इन दिनों दोहरी परेशानी से जूझ रहे हैं। क्षेत्र में सीवर लाइन और गैस पाइपलाइन डालने का कार्य बीते कई दिनों से जारी है, लेकिन इसकी धीमी रफ्तार और अनियोजित तरीके से किए जा रहे काम ने स्थानीय लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। गली के दोनों ओर सडक़ें खुदी पड़ी हैं, जिससे न केवल पैदल चलना मुश्किल हो गया है, बल्कि वाहन चालकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि मकानों के बाहर गहरे गड्ढे और अधूरे कार्य की वजह से उन्हें अपने ही घरों से निकलने में परेशानी हो रही है। मानसून की दस्तक ने बढ़ाई चिंता : स्थानीय निवासी कुलदीप सिंह सहित कॉलोनी वासियों ने बताया कि एक ओर मानसून सक्रिय हो गया है, जिससे कभी भी बारिश शुरू हो सकती है और दूसरी ओर कार्य की रफ्तार बेहद धीमी है। यदि समय रहते काम पूरा नहीं हुआ तो बरसात में यह गड्ढे जलजमाव और हादसों का बड़ा कारण बन सकते हैं। पानी की निकासी नहीं होने से घरों के बाहर गंदा पानी जमा हो गया है। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में हालात और खराब हो जाएंगे। स्थानीय निवासियों ने बताया कि खुदी सडक़ों की वजह से बच्चे, बुजुर्ग और बाइक सवार अक्सर फिसलते या गड्ढों में गिर जाते हैं। आए दिन कोई न कोई व्यक्ति चोटिल हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। विज्ञान नगर की गली से होकर विज्ञान नगर की गली नंबर 2, 3 व 4 सहित पंचवटी कॉलोनी और सेठी कॉलोनी की ओर जाने वाला रास्ता गुजरता है। ऐसे में न केवल स्थानीय निवासी, बल्कि अन्य कॉलोनियों के लोग भी इस असुविधा का सामना कर रहे हैं। रास्ता बंद होने से लोगों को घुम कर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार निगम प्रशासन और ठेकेदार को स्थिति से अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

शिविर में 251 यूनिट रक्त संग्रह

मदनगंज-किशनगढ,(निस)। माहेश्वरी पंचायत संस्था के तत्वाधान में महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत माहेश्वरी पंचायत भवन में आयोजित शिविर 251 यूनिट रक्तदान किया। केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, विधायक डॉ विकास चौधरी ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओ का हौसला बढ़ाया। अध्यक्ष रामनारायण झंवर, मंत्री किशन बंग, उप मंत्री अजय काबरा, कोषाध्यक्ष सर्वेश्वर राठी, संयोजक विजय सारडा, सह संयोजक भगवान बाहेती, भवन प्रभारी अक्षय तापड़िया, राजकुमार कासट, ओम तोषनीवाल, मुकुटबिहारी मालपाणी, प्रभारी अमित सोमानी, प्रवक्ता प्रभारी अनिल लढ़ा, प्रकाश राठी, जुगल जैथलिया, देवकिनन्दन लखोटिया, दिनेश दरक, नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीपक मंत्री, तरुण मंडल अध्यक्ष विवेक ईनाणी सहित कई समाज बंधु उपस्थित रहे।

शिविर का समापन

अजमेर (कासं)। जैन धार्मिक शिक्षण शिविर का समापन समारोह किड्स वर्ल्ड प्री स्कूल, प्रगतिनगर, कोटड़ा में मुख्य अतिथि धर्मेंद्र गहलोत, पूर्व महापौर, अजमेर नगर निगम, विशेष अतिथि सुरेश कासलीवाल, दिगंबर जैन महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी स्थानीय इकाई के जिला अध्यक्ष अरुण सेठी, महासमिति महिला अध्यक्ष रूपश्री जैन आदि रहे।

समाज से सुनीता गंगवाल, महेंद्र काला, सुरेश गंगवाल, मनीष सेठी, अशोक पहाड़िया, प्रकाश गंगवाल, मनोज मोड़ासिया, अजय दोसी, टिकम पाटनी,स्नेहलता कासलीवाल, नमिता सेठी, रुचिरा दोसी, सुनीता बाकलीवाल, श्वेता जैन, सुनीता अजमेरा, सीमाजी रिच लुक, नीलू सोनी आदि उपस्थित रहे। एवं पाठशाला में गहन दोसी, आर्यमन, अथर्व, कियांस, श्रेयांश, लक्षित, ध्रुति, लोवीश, लोवीशी, दित्या, निहित, प्रमाश, आर्या जैन ने जैन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविर में भाग लिया।

आज आचार्यश्री ज्ञान सागरजी महाराज जी के समाधी दिवस पर प्रकाश पाटनी, एवं अन्य सदस्यों ने गुनानुवाद किया। विदुषी मीना दोसी ने 18 मई से 27 मई तक बच्चों को जैन धर्म के सिद्धांतो को बहुत ही स्पष्ट और आकर्षक तरीके से मन्दिरजी में प्रैक्टिकल रूप से बताकर समझाया। प्रतिदिन बच्चों को अल्पाहार किड्स वर्ल्ड प्री स्कूल की ओर से दिया गया।

पं. नेहरू को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की

अजमेर । आधुनिक भारत के निर्माता, देश के प्रथम प्रधानमंत्री, भारत रत्न पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मंगलवार को कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज स्थित नेहरू सर्किल पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र सिंह रलावता के साथ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय जैन ने कहा कि पंडित नेहरू ने भारत की आजादी के संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने जीवन के 13 साल से अधिक समय जेल में बिताए और स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। जब देश आत्मनिर्भरता के शुरुआती दौर में थाए तब उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, विज्ञान और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में ठोस आधार रखा। कांग्रेसी नेता रलावता ने कहा कि करोड़ों युवाओं का भविष्य बनाने वाले आईआईटी, आईआईएम एआईआईएमएस, पीजीआई, इसरो भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर, भेल जैसे संस्थान, लाखों हैक्टेयर भूमि की सिंचाई एवं करोड़ों लोगों को पेयजल देने वाली भाखड़ा नांगल, नागार्जुन सागर, हीराकुंड बांध जैसी सिंचाई परियोजना शुरू करने वाले, दुनिया में नए आजाद हुए देश भारत की धाक जमाने वाले, आधुनिक भारत के निर्माता, देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गर्व होता है। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार गर्ग दीनदयाल पवार अकरम कुरैशी कुश महेंद्र सिंह रलावता सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

बंद ऑक्सीजन प्लांट शुरू करने की कवायद

अजमेर । प्रदेश में बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते अजमेर जिले में भी एक बार फिर कोरोना ने पांवर पसराना शुरू किया है, जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग ने जिले में सतर्कता बढ़ा दी है। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल प्रशासन ने संक्रमण की संभावित स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां में जुट गया है। मंगलवार को अस्पताल परिसर में क्वारंटीन वार्ड, कोविड ओपीडी और आईसीयू बेड को फिर से सक्रिय कर दिया गया है, जबकि बंद पड़े ऑक्सीजन जनरेशन प्लांटों को चालू करने का काम भी शुरू कर दिया है।जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल सामरिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे और उपाधीक्षक डॉ. अमित यादव ने मंगलवार को कोरोना के बढ़ते संग्रमण के मद्देनजर अस्पताल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। प्राचार्य डॉ. सामरिया ने बताया कि अभी अस्पताल में कोई कोरोना पॉजिटिव मरीज भर्ती नहीं है, लेकिन भविष्य की स्थिति को देखते हुए सभी इंतजाम किए जा रहे है, उन्होंने कहा कि ट्रोमा वार्ड में क्वारंटीन सेंटर और कोविड ओपीडी पूरी तरह से फंक्शनल है। आठ ऑक्सीजन प्लांट में चार बंद व चार चालू- अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे ने बताया कि जेएलएन अस्पताल में कुल 8 ऑक्सीजन प्लांट हैं, जिनमें से चार फिलहाल बंद हैं। इनकी मरम्मत और संचालन का कार्य शुरू कर दिया गया है ताकि आपातकालीन स्थिति में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित न हो। साथ ही सभी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को कोविड प्रोटोकॉल की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि जेएलएन अस्पताल में 1468 बेड, सैटेलाइट अस्पताल में 160 बेड, जनाना अस्पताल में 320 बेड, पंचशील व चंद्रवरदाई सीएचसी में 30-30 बेड उपलब्ध हैं।

ओम बिड़ला का किया अभिनंदन

मेड़ता सिटी,27 मई (निसं)। मेड़ता निवासी पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी ने नई दिल्ली में भारत के लोकसभा के स्पीकर माननीय ओम बिरला से मुलाकात कर उनका स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया । मेड़ता के ऐतिहासिक मीरा मंदिर एवं भगवान चारभुजा नाथ मंदिर का प्रसाद चारभुजा मंदिर का पवित्रा वह मीरा का स्मृति चिन्ह देखकर अभिनंदन किया गया मेड़ता सिटी के पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी ने बताया कि माननीय लोकसभा स्पीकर का अभिनंदन जोधपुर नगर निगम के पूर्व पार्षद विश्वजीत जोशी जोधपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक जोशी के द्वारा माननीय ओम जी बिरला का माल साफा दुपट्टा मीरा का स्मृति दिन देखकर अभिनंदन किया गया। थानवी ने बताया कि ओम बिरला को ऐतिहासिक मीरा मंदिर को भारत सरकार की योजना कृष्णा सर्किट में मेड़ता को भी जोड़ा जावे ताकि विश्व विख्यात मीराबाई के मंदिर का विकास हो सके थानवी ने बताया कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की धर्मपत्नी 2014 में मेड़ता में मुरारी बापू की कथा अपने परिवार सहित मेड़ता सिटी में 7 दिन का प्रवास था ऐतिहासिक मीरा मंदिर के दर्शन के साथ-साथ मीरा के प्रति उनकी आस्था अटूट थी। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की धर्मपत्नी डॉक्टर अमिता बिरला को पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल थानवी ने निवेदन किया कि हरिद्वार में मीरा के नाम से एक घाट का निर्माण हो ।

सामूहिक विवाह सम्मेलन आज, 46 जोड़े बनेंगे

- विवाह सम्मेलन में आने वाले दूल्हा दुल्हन की तहसील कार्यालय से बिन्दौली की शुरुआत होगी जो आसींद शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विवाह स्थल पहुंचेगी।

आसींद, । श्री शिवशक्ति सेवा समिति खटीक समाज आसींद के तत्वाधान आयोजित द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया । विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं दिनभर पांडाल में डटे रहे । मंगलवार को मंत्रोच्चार के साथ गणपति स्थापना के बाद बड़ा विनायक स्थापना की गई । आने वाले दूल्हा दुल्हन के लिए तथा बारातियों के ठहरने के लिए मुकुल व्यवस्था की गई । गर्मी से बचने के लिए समिति की ओर से जगह जगह कूलर , ठंडे पानी सहित कई तरह की व्यवस्था पर ध्यान रखा गया । विवाह सम्मेलन में आने वाले दूल्हा दुल्हन की तहसील कार्यालय से बिन्दौली की शुरुआत होगी जो आसींद शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विवाह स्थल पहुंचेगी । सम्मेलन में शोभायात्रा के साथ ऊंट की सवारी , घोड़े की सवारी तथा रथ के साथ शोभायात्रा निकलेगी जो सम्मेलन का आकर्षण का केंद्र रहेगा । इसके बाद तुलसी विवाह के साथ पाणिठाहण संस्कार की विधि विधान के साथ तथा मंत्रोच्चार के साथ 7 फेरों की परंपरा पूरी की जाएगी इसके लिए दूल्हा दुल्हन के लिए अलग अलग हवन कुंड बनाए गए । पाणिठाहण संस्कार के बाद आशीर्वाद समारोह होगा बाद में बारात का विदाई समारोह आयोजित होगा ।

ये रहेंगे मौजूद - समिति के अध्यक्ष छगन लाल सोलंकी ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य सानिध्य महंत 1008 सुरेश दास जी महाराज, 1008 महेन्द्रपुरी जी महाराज आस पहाड़ दरबार, हेमराज जी पोसवाल पुजारी मालासेरी डूंगरी का मिलेगा, मुख्यअतिथि जोराराम कुमावत डेयरी व पशुपालन मंत्री, डॉ मनोज कुमार राजोरिया पूर्व सांसद धौलपुर करौली, सांसद दामोदर अठावाल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, जब्बरसिंह सांखला विधायक आसींद, बंशीलाल खटीक पूर्व विधायक राजसमंद, विट्ठल शंकर अवस्थी पूर्व विधायक, उदय लाल भडाना विधायक, रामलाल गुर्जर पूर्व विधायक, देवीलाल साहू चेयरमैन आसींद, बाबूलाल नागर पूर्व मंत्री, धीरज गुर्जर पूर्व मंत्री, रामलाल जाट पूर्व मंत्री, अक्षय त्रिपाठी जिला अध्यक्ष कांठोस, हंगामीलाल मेवाड़ा पूर्व विधायक, लक्ष्मीलाल गुर्जर अध्यक्ष सवाईभोज ट्रस्ट व पूर्व विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे ।

बकाया राशि के भुगतान की मांग

अजमेर । अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के राशि के 300 करोड़, प्रदेश श्वेत क्रांति में 2500 रिक्त पदों में भर्ती तथा मिड डे मील योजना के 350 करोड़ रुपए बकाया राशि का भुगतान करने की मांग को लेकर मंगलवार को डेयरी व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।

मांग नहीं माने जाने पर 2 जून को जयपुर में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी। डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी ने मंगलवार को डेयरी व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत से उनके निवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में बताया कि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के राशि के 300 करोड़, प्रदेश श्वेत क्रांति में 2500 रिक्त पदो में भर्ती करने एवं मिड डे मील योजना के लगभग 350 करोड़ रुपए बकाया राशि का भुगतान कराया जाए।

चौधरी की मांग पर मंत्री जोराराम ने तत्काल अखिल अरोड़ा एसीएस वित्त, मिड डे मील प्रभारी भार्गव तथा आरसीडीएफ जयपुर के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर दुग्ध उत्पादकों के प्रतिनिधि दल को आश्वासन दिया की सरकार द्वारा उपरोक्त सभी बकाया राशि का भुगतान शीघ्र कराया जाएगा। वहीं चौधरी ने चेताया कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र निस्तारण नहीं किया गया तो शहीद स्मारक जयपुर में प्रदेश के दुग्ध उत्पादको द्वारा धरना दिया जाएगा।

प्राचार्य का स्वागत

राजसमंद । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा राजसमंद के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नाथद्वारा के प्राचार्य मुकेश राही के पदस्थापन होने पर उपशाखा अध्यक्ष रामेश्वरलाल गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायणसिंह चुंडावत, यशवंत जोशी, जिला कोषाध्यक्ष उदयलाल पालीवालए, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वरसिंह कुंपावत, भगवतीलाल पालीवाल, मधु पालीवाल, महिमा, जयेश, हेमलता, रमेश सालवी आदि।

आम सूचना हर आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती हर्षिता सेन पुत्री स्व. विनोद कुमार जो कि भूखण्ड सं. 250-A/33, स्थित कृष्णा चौक, चुना भट्ठा, टोपदड़ा, जिला अजमेर, राजस्थान- क्षेत्रफल 144 वर्ग गज श्री रामदयाल पुत्र गंगा द्वारा श्री कालूराम पुत्र खुबीराम के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 19.01.1959 को निष्पादित किया गया, जो कि दिनांक 29.04.1959 को उप-पंजीयक, अजमेर के समक्ष, पुस्तिका सं. 01, खंड सं. 358, पृष्ठ सं. 230, क्रमांक 349-352 में पंजीकृत हुआ था उक्त विक्रय विलेख से कुल 288 वर्गगज भूमि स्थानांतरित हुई थी इसके उपरांत, श्री कालूराम का देहावसान दिनांक 19.12.1966 को तथा उनके पुत्र श्री नानक राम का देहावसान दिनांक 25.05.2001 को हुआ पश्चात, श्री अशोक कुमार पुत्र नानक राम एवं श्री विनोद कुमार पुत्र नानक राम के मध्य एक बटवारा विलेख दिनांक 29.01.2010 को निष्पादित हुआ, जो कि उप-पंजीयक, अजमेर-प्रथम के समक्ष, पुस्तिका सं. 01, खंड सं. 1692, पृष्ठ सं. 171, क्रमांक 2010000376 पर दिनांक 29.01.2010 को पंजीकृत हुआ। उक्त बटवारा विलेख में संलग्न स्थल मानचित्रानुसार कुल भूमि 288 वर्गगज थी। बाद में, श्री विनोद कुमार सेन पुत्र नानक राम का निधन हो गया तत्पश्चात, श्रीमती संगीता पत्नी स्व. विनोद कुमार, कुमारी तनिष्का सेन पुत्री स्व. विनोद कुमार एवं श्री अमन सेन पुत्र स्व. विनोद कुमार द्वारा, अपनी हिस्सेदारी श्रीमती हर्षिता सेन पुत्री स्व. विनोद कुमार के पक्ष में एक हक त्याग पत्र दिनांक 02.05.2025 को निष्पादित किया गया, जो कि उप-पंजीयक, अजमेर-प्रथम के समक्ष, पुस्तिका सं. 01, खंड सं. 2294, पृष्ठ सं. 197, क्रमांक 202503001103209 पर दिनांक 05.05.2025 को पंजीकृत हुआ तथा Cholamandalam Investment Finance Company Limited (CIFCL), से ऋण प्राप्त कर रहे है। यदि उक्त सम्पत्ति, बैचान बाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक व वित्तीय संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो 07 दिन के अन्दर-अन्दर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता से नीचे लिखे पते पर संपर्क करें अन्यथा बाद गुजरने याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी व सो सूचित रहे।

मुकुंद पंचारिया (एडवोकेट)
दिनांक : 27.05.2025 मो. 9829290229

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/131701
DATE :- 21.05.2025 रजि. बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26 /2711 दिनांक 26-05-25

सार्वजनिक सूचना

श्री विरेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री महेन्द्र सिंह यादव निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1 आर्दश नगर वूल प्रेस कॉलोनी मकान नं. 107 व 108 का पश्चिमी भाग क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती प्रेमलता पत्नी श्री भंवरलाल के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 30.03.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त
नगर परिषद ब्यावर

गुरुकुल का अवलोकन

राजसमंद, । जिले में चारभुजा के कसार पहाडियों के बीच बसा छोटा सा गांव जहां पर सनातन वैदिक शिक्षण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे गुरुकुल में ब्राह्मण बटुक वैदिक ज्ञान संस्कार सीख रहे हैं। वहीं मंगलवार प्रात: कालीन वेला में जिला न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल सहित अन्य अतिथियों ने वैदिक ज्ञान संस्कार शिविर का अवलोकन किया। जहां छोटे-छोटे बटुकों द्वारा किए जा रहे संध्या वंदन देखा, जिसे देखकर गदगद हो गए। उन्होंने गुरुकुल आश्रम में सन्यासी की तरह रहकर जो वैदिक ज्ञान अर्जित कर रहे हैं, उनकी सराहना की। न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल ने कहा भारत की पश्चात संस्कृति दिन ब दिन लुप्त होने की कगार पर है। वहीं इन संस्थान द्वारा विलुप्त होने जा रही भारतीय संस्कृति को उजागर करने का